|| गाइए गणपति जगवंदन गीत ||

Chalisamantras.com

गाइए गणपति जगवंदन,
शंकर सुवन भवानी के नंदन,
शंकर सुवन भवानी के नंदन,
गाइए गणपति जगवंदन ।

सिद्धि सदन गजवदन विनायक,
कृपा सिंधु सुंदर सब लायक,
शंकर सुवन भवानी के नंदन,
गाइए गणपति जगवंदन ।

मोदक प्रिय मुद मंगल दाता,
विद्या बारिधि बुद्धि विधाता,
शंकर सुवन भवानी के नंदन,
गाइये गणपति जगवंदन ।

मांगत तुलसीदास कर जोरे,
बसहूं रामसिय मानस मोरे,
शंकर सुवन भवानी के नंदन,
गाइये गणपति जगवंदन ।

गाइए गणपति जगवंदन,
शंकर सुवन भवानी के नंदन,
शंकर सुवन भवानी के नंदन,
गाइए गणपति जगवंदन ।

Chalisamantras.com